# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/5473
दिनांकः 23/10/2021

**अति आवश्यक**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक,
समस्त परीक्षा केन्द्र (बैक पेपर परीक्षा–2021 (सत्र 2020–21) एवं
विषम/सम विशेष सेमेस्टर परीक्षा–2021)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय : विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 16.10.2021 से आयोजित परीक्षाओं हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर सी0सी0टी0वी (ओडियों सहित)/डी0वी0आर0 की व्यवस्था करते हुये लिंक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप अवगत ही हैं कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं को सुचारू रूप से नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु बनाये गये समस्त परीक्षा केन्द्रों के परीक्षा कक्षों में आगे एवं पीछे की ओर सी0सी0टी0वी0 (ओडियो सहित) लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उपर्युक्त के आलोक में समन्वयक–विश्वविद्यालय सी0सी0टी0वी0 नियन्त्रण कक्ष द्वारा अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित पत्र दिनांक 21.10.2021 का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जो विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध सी0सी0टी0वी0 कैमरों के सम्बन्ध में है।

अतः निदेशानुसार अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की बैक पेपर परीक्षा–2021 (सत्र 2020–21) एवं विषम/सम सेमेस्टर विशेष सेमेस्टर परीक्षा–2021 परीक्षाओं हेतु आपके महाविद्यालय में बनाये परीक्षा केन्द्र पर **अनिवार्य रूप से कक्ष के आगे व पीछे के भाग में दो कैमरों (ओडियो सहित)/डी0वी0आर0** की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये सी0सी0टी0वी0 कैमरों का लिंक अतिशीघ्र विश्वविद्यालय सी0सी0टी0वी0 नियन्त्रण कक्ष को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित कर लें कि लगाये गये कैमरें/डी0वी0आर0 भली–भाँति कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं।

भवदीय
23-10-21
सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
05. सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष को पत्र दिनांक 21.10.2021 के सम्बन्ध में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

23-10-21
सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)